प्रेस नोट

<u>दिनांक 14.09.2024</u>

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा आगामी त्यौहार के दृष्टिगत कस्बा मौदहा में किया गया पैदल गस्त।

आज दिनांक 14.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस बल के साथ कस्बा मौदहा में आगामी त्यौहार विश्वकर्मा जयंती, व बारा वफात के दृष्टिगत आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना मौदहा क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार, सार्वजनिक स्थानों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, मुख्य मार्ग आदि स्थानों में पैदल गस्त/भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया। तथा ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं व्यापारियों /दुकानदारों से वार्ता कर ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।